अनुपपुर स्टेशन

अनुपपुर रेल्वे स्टेशन पर आपका स्वागत है | अनूपपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन मध्य प्रदेश में अनूपपुर जिले के अनूपपुर शहर में एक रेलवे स्टेशन है। यह बिलासपुर – कटनी सेक्शन पर है और कटनी-बिलासपुर लाइन और कटनी-अंबिकापुर लाइन को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण जंक्शन है । अनुपपुर रेल्वे स्टेशन की सफाई यांत्रिक मशीन से की जाती है | स्टेशन की साफ सफाई के लिए इको फ्रेंडली बायो डिग्रेडेबल केमिकल्स के साथ – साथ पटरियों के रैग पिकिंग का कार्य किया जाता है | परिपथन क्षेत्र को साफ करने के लिए वाक बिहाइंड स्वीपर मशीनों का उपयौग किया जाता है | कचरे को दो अलग- अलग डस्ट्बिन यानी गीले कचरे और सूखे कचरे में इकट्ठा किया जाता है | एकत्रित कचरे को फिर नगर निगम के डम्पिंग ग्राउंड मे भेज दिया जाता है |